मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने जामिया स्कूलों के कक्षा 12 के परिणाम घोषित किए; ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल पर मार्कशीट उपलब्ध हैं**

नई दिल्ली, 14 मई, 2025

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय ने आज आधिकारिक तौर पर जामिया स्कूलों के कक्षा 12 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो. मज़हर आसिफ और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिज़वी ने आज दोपहर औपचारिक रूप से परिणाम जारी किए।

इस वर्ष कक्षा 12 की परीक्षा में कुल 905 छात्र शामिल हुए, जिनका स्ट्रीम-वार विवरण इस प्रकार है: कला स्ट्रीम: 263 छात्र (पुरुष: 92, महिला: 171); वाणिज्य स्ट्रीम: 184 छात्र (पुरुष: 104, महिला: 80), और विज्ञान स्ट्रीम: 458 छात्र (पुरुष: 197, महिला: 261)।

प्रो. आसिफ और प्रो. रिजवी ने जामिया स्कूलों द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्रों को बधाई दी। प्रो. आसिफ ने कहा, "सभी छात्रों और उनके अभिभावकों की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और लगन तीनों स्ट्रीम में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्पष्ट है। यह जानकर विशेष रूप से खुशी हुई कि एक छात्रा ने कला स्ट्रीम में टॉप किया है और वाणिज्य स्ट्रीम में दूसरा और तीसरा स्थान भी हमारी लड़कियों ने हासिल किया है। इसी प्रकार विज्ञान स्ट्रीम में दूसरा टॉपर भी एक लड़की है।"

प्रो. रिजवी ने कहा, "इस वर्ष अच्छे परिणाम का श्रेय जामिया स्कूलों के शिक्षकों द्वारा किए गए लगातार प्रयासों को जाता है, जिन्होंने पूरे वर्ष यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य किया है कि हमारे छात्र तीनों स्ट्रीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और आत्मविश्वास एवं प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त के साथ विश्वविद्यालयों में प्रवेश करने के योग्य बनें। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय ने भी यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया है कि परीक्षा आयोजित करने से लेकर परिणामों की घोषणा तक की पूरी प्रक्रिया समय पर और सुचारू रूप से हो।"

परीक्षा नियंत्रक प्रो. पवन कुमार शर्मा ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो. मजहर आसिफ और कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी को उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद किया जिन्होंने परीक्षाओं के निर्बाध संचालन और परिणामों की समय पर घोषणा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रो. शर्मा ने परिणामों की शीघ्र घोषणा सुनिश्चित करने में उनकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत के लिए उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. अहतेशामुल हक, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनील और परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की पूरी टीम के समर्पित प्रयासों की भी प्रशंसा की।

प्रो. शर्मा ने कहा, "इन परिणामों की समय पर घोषणा हमारे कर्मचारियों के समर्पण, दक्षता और टीम वर्क का प्रमाण है। हम पारदर्शिता और सभी परीक्षा-संबंधी प्रक्रियाओं में उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ हैं।"

कला स्ट्रीम में पल्लवी गुरिया ने 97.4% अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है जबकि सैमन ज़ेहरा जैदी ने 97% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा शाहिद रिदाद हसन 96.8% अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे।

वाणिज्य स्ट्रीम में फरहान रशीक ने 95.8% अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया, उसके बाद मरियम ने 95.6% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा मारिया कमाल ने 95.2% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विज्ञान स्ट्रीम में मोहम्मद यासिर तथा सनाउल्लाह ने 97.2% अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया, आलिया बी ने 96.8% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा अनीस कौसर ने 96.4% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में पहली बार छात्र अब जामिया के आधिकारिक परीक्षा पोर्टल: http://jmiregular.ucanapply.com/examinationsystemjmi/schoolresult.php पर अपना परिणाम देख सकते हैं:

**प्रो साइमा सईद**
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
जामिया मिल्लिया इस्लामिया